Exam Date :- 28/09/2021 [M]

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32
Number of Pages in Booklet : 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

**Paper Code : 13**

**Sub: Geography-I**

**समय : 3.00 घण्टे**
**Time : 3.00 Hours**

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या /
Question Paper Booklet No.

8098117

# APCE-12

## Paper - I

अधिकतम अंक : 75
Maximum Marks : 75

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Paper Booklet the candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same. If there is any difference, candidate must obtain another Question Paper Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा** । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN**.
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

13-■

1. जलवायु एवं मौसम संबंधी समस्त परिवर्तन होते हैं –
(1) क्षोभमण्डल में
(2) समतापमण्डल में
(3) क्षोभमण्डल एवं समतापमण्डल में
(4) क्षोभमण्डल, समतापमण्डल एवं ओजोनमण्डल में

1. All changes in climate and weather take place in
(1) Troposphere
(2) Stratosphere
(3) Troposphere & Stratosphere
(4) Troposphere, Stratosphere & Ozonosphere

2. कारक जो सूर्यातप को प्रभावित नहीं करता है, वह है –
(1) घूर्णन
(2) परिक्रमण
(3) सूर्य किरणों का नति कोण
(4) प्रचलित पवन

2. The factor which does not affect Insolation is
(1) Rotation
(2) Revolution
(3) Angle of inclination of Sun's rays
(4) Prevailing winds

3. वह गैस जिसका निचले वायुमण्डल में शुष्क वायु में प्रतिशत मान तीसरा सर्वाधिक है, वह है –
(1) कार्बन डाईऑक्साइड
(2) ओजोन
(3) नाइट्रस ऑक्साइड
(4) आर्गन

3. The gas which has third highest percentage in dry air composition in lower atmosphere, is
(1) Carbon dioxide
(2) Ozone
(3) Nitrous oxide
(4) Argon

4. वायमण्डल की परत/परतें, जो एपल्टन परत के नाम से जानी जाती है, वह है/हैं –
(1) D – परत
(2) E – परत
(3) F1 & F2 – परतें
(4) G – परत

4. The layer(s) of the atmosphere, known as Appleton layer, is/are
(1) D – layer
(2) E – layer
(3) F1 & F2 – layers
(4) G – layer

5. वायु अपवाह से अभिप्राय है –
(1) ठण्डे स्थान से गर्म स्थान की ओर वायु की क्षैतिजीय गति ।
(2) ठण्डे प्रदेश से गर्म प्रदेश की ओर वायुराशि की क्षैतिजीय गति ।
(3) चक्रवात के केन्द्र की ओर वायु का चक्रीय अन्तर्वाह
(4) ढाल के सहारे ठण्डी वायु की पर्वतशिखर से घाटी में नीचे की ओर गति ।

5. The term "air drainage" refers to
(1) Horizontal movement of air from cold to hot place
(2) Horizontal movement of airmass from cold to hot region
(3) Cyclic inflow of air towards the centre of a cyclone
(4) Moving down of cold air along slopes from mountain top into the valley

6. 100° सेन्टीग्रेड तापमान फाहरेनहाइट मापक पर ______ डिग्री के समतुल्य होता है।
(1) 212
(2) 32
(3) 232
(4) 168

7. वार्षिक ताप परिसर की गणना की जाती है –
(1) विगत 100 वर्षों में वार्षिक अधिकतम एवं वार्षिक न्यूनतम तापमानों में अंतर से
(2) एक वर्ष में सबसे गर्म तथा ठंडे महीने के औसत तापमान के अंतर से
(3) एक वर्ष में दैनिक अधिकतम एवं दैनिक न्यूनमत तापमानों में अंतर से
(4) विगत 30 वर्षों में अधिकतम औसत एवं न्यूनतम औसत तापमानों में अंतर से

8. चक्रवात तथा प्रतिचक्रवात में पवनों की दिशा के प्रारूप के संबंध में असत्य कथन छाँटिये –
(1) उत्तरी गोलार्द्ध में चक्रवात में पवनों की दिशा घड़ी की सुई की दिशा के विपरीत होती है।
(2) उत्तरी गोलार्द्ध में चक्रवात में पवनों की दिशा घड़ी की सुई की दिशा के अनुरूप होती है।
(3) दक्षिणी गोलार्द्ध में चक्रवात में पवनों की दिशा घड़ी की सुई की दिशा के अनुरूप होती है।
(4) उत्तरी गोलार्द्ध में प्रतिचक्रवात में पवनों की दिशा घड़ी की सुई की दिशा के अनुरूप होती है।

9. उपोष्ण उच्चदाब पेटियों के संबंध में निम्नलिखित में से असत्य कथन छाँटिये –
(1) इस पेटी के निर्माण में तापमान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
(2) इन पेटियों के ऊपर उच्चतल में न्यून वायुदाब विकसित होता है।
(3) ये गति जनित दाब पेटी हैं।
(4) इन्हें अश्व अक्षांश भी कहते हैं।

6. 100° Centigrade temperature is equivalent to ______ degree on Fahrenheit scale.
(1) 212
(2) 32
(3) 232
(4) 168

7. The annual range of temperature is calculated as -
(1) difference between annual maximum and annual minimum temperatures in the last 100 years.
(2) Difference between warmest & coldest monthly means of temperature in a year.
(3) Difference between daily maximum and daily minimum temperatures in a year
(4) Difference between average maximum and average minimum temperatures in last 30 years

8. Find an incorrect statement regarding pattern of wind direction in cyclones and anticyclones.
(1) Winds blow anticlockwise in a cyclone in the northern hemisphere.
(2) Winds blow clockwise in a cyclone in the northern hemisphere.
(3) Winds blow clockwise in a cyclone in the southern hemisphere.
(4) Winds blow clockwise in an anti-cyclone in the northern hemisphere.

9. Find out the incorrect statement in context of Sub-tropical high pressure belt from the followings :
(1) Temperature plays important role in formation of this Belt.
(2) Low pressure develops in high altitude above the belts.
(3) These are dynamically induced pressure belts.
(4) These are also called as Horse Latitude.

10. निम्नलिखित पवनों में से कौन सी सहारा मरुस्थल से संबंधित है ?
(1) हबूब
(2) बोरा
(3) फॉहेन
(4) बर्ग

11. निम्नलिखित में से कौन सी एड्रिएटिक तट की ठंडी तेज हवा है ?
(1) सिरोक्को
(2) हरमट्टन
(3) बोरा
(4) फॉहेन

12. निम्नलिखित में से कौन से मेघ निचले मेघ हैं ?
(1) पक्षाभ कपासी
(2) मध्य कपासी
(3) स्तरी कपासी
(4) मध्य स्तरी

13. निरपेक्ष आर्द्रता को प्रदर्शित करने की इकाई है –
(1) ग्राम प्रति घन मीटर
(2) ग्राम प्रति किलोग्राम
(3) ग्राम प्रति घन फीट
(4) प्रतिशत

14. बहिरूष्ण कटिबंधीय चक्रवात में ठण्डे वाताग्र के सहारे बनने वाले मेघ ______ मेघ होते हैं।
(1) मध्य कपासी
(2) कपासी वर्षीले
(3) कपासी
(4) वर्षा स्तरी

15. निम्नलिखित में से कौन सी हरित गृह गैस नहीं है ?
(1) मीथेन
(2) नाइट्रस ऑक्साइड
(3) ऑक्सीजन
(4) कार्बन डाईऑक्साइड

10. Which of the following winds is associated with the Sahara desert ?
(1) Haboob
(2) Bora
(3) Foehn
(4) Berg

11. Which of the following is a cold gusty wind of adriatic coaste ?
(1) Sirocco
(2) Harmattan
(3) Bora
(4) Foehn

12. Which of the followings are low clouds ?
(1) Cirrocumulus
(2) Altocumulus
(3) Stratocumulus
(4) Altostratus

13. The unit to express absolute humidity is
(1) Grams per cubic metre
(2) Grams per kilogram
(3) Grams per cubic feet
(4) Percentage

14. _____ clouds develop along the cold front in an Extra Tropical cyclone.
(1) Altocumulus
(2) Cumulo nimbus
(3) Cumulus clouds
(4) Nimbo stratus

15. Which of the following is NOT a green house gas ?
(1) Methane
(2) Nitrous oxide
(3) Oxygen
(4) Carbon dioxide

16. कोकोस कटक ________ में स्थित है ।
(1) हिन्द महासागर
(2) अन्ध महासागर
(3) प्रशान्त महासागर
(4) आर्कटिक सागर

17. वृहदतम महाद्वीपीय मग्नतट है –
(1) चिली मग्नतट
(2) ऑस्ट्रेलिया मग्नतट
(3) साइबेरिया मग्नतट
(4) चीनी मग्नतट

18. अन्ध महासागर में सबसे गहरा बिन्दु है –
(1) टोंगा गर्त
(2) प्यूर्टो रिको खाई
(3) मेरिआना खाई
(4) क्यूराइल गर्त

19. विश्व में सर्वोच्च ज्वार ________ में आते हैं ।
(1) बंगाल की खाड़ी
(2) हडसन की खाड़ी
(3) फंडी की खाड़ी
(4) बिस्के की खाड़ी

20. सामान्यतः दीर्घ ज्वार एवं लघु ज्वार के मध्य ________ का अन्तराल होता है ।
(1) 24 घण्टे
(2) 7 दिन
(3) 14 दिन
(4) 28 दिन

21. निम्नलिखित में से कौन सी ठण्डी धारा नहीं है ?
(1) ब्राजील धारा
(2) बेंगुएला धारा
(3) हमबोल्ट धारा
(4) फॉकलैण्ड धारा

16. The Cocos-Ridge is situated in the ____.
(1) Indian Ocean
(2) Atlantic Ocean
(3) Pacific Ocean
(4) Arctic Sea

17. The largest continental shelf is
(1) Chile shelf
(2) Australian shelf
(3) Siberian shelf
(4) Chinese shelf

18. The deepest point in the Atlantic ocean is
(1) Tonga Deep
(2) Puerto Rico Trench
(3) Mariana Trench
(4) Qurile Deep

19. The highest tides in the world occur in the ____.
(1) Bay of Bengal
(2) Hudsen Bay
(3) Bay of Fundy
(4) Bay of Biscay

20. The normal interval between the spring tides and neap tides is
(1) 24 hours
(2) 7 days
(3) 14 days
(4) 28 days

21. Which of the following is NOT a cold current ?
(1) Brazilian current
(2) Benguela current
(3) Humboldt current
(4) Falkland current

22. महासागरीय धारा जो उत्तरी अन्ध महासागरीय धाराओं की चक्रगति (गायर) का भाग नहीं है, वह है –
(1) कनारी धारा
(2) लेब्राडोर धारा
(3) उत्तर विषुवतीय धारा
(4) गल्फस्ट्रीम धारा

23. मध्य अटलांटिक कटक का वह भाग जो विषुवत रेखा के उत्तर में स्थित है, को कहते हैं –
(1) चैलेन्जर उभार
(2) डॉल्फिन उभार
(3) वालविस उभार
(4) रिओ ग्राण्ड उभार

24. निम्नलिखित में से वह एक जो पूर्वी अन्ध महासागर की बेसिन नहीं है, वह है –
(1) केनारी बेसिन
(2) लेब्राडोर बेसिन
(3) स्पेनिश बेसिन
(4) केप वर्डे बेसिन

25. उच्चतामितीय वक्र द्वारा प्रदर्शित किया जाता है –
A. महाद्वीपीय मग्नतट को
B. महाद्वीपीय मग्नढाल को
C. गहरे सागरीय मैदान को
D. सागर जल में लवणता परिवर्तन को
(1) A, B, C
(2) A, B, D
(3) केवल D
(4) A और B

26. अल्बाट्रॉस पठार स्थित है –
(1) हिन्द महासागर में
(2) अटलांटिक महासागर में
(3) प्रशांत महासागर में
(4) अंटार्कटिका में

22. The ocean current which is NOT a part of the North Atlantic Gyre is
(1) Canary current
(2) Labrador current
(3) North Equatorial current
(4) Gulf stream

23. The part of the Mid Atlantic Ridge, north to the eaquator, is called as
(1) Challenger Rise
(2) Dolphine Rise
(3) Walwis Rise
(4) Rio Grande Rise

24. The one from the followings which is NOT a East Atlantic basin, is
(1) Canary Basin
(2) Labrador Basin
(3) Spanish Basin
(4) Cape Verde Basin

25. Hypsometric curve is used to depict -
A. Continental shelf
B. Continental slope
C. Deep sea plains
D. Change in salinity of ocean water
(1) A, B, C
(2) A, B, D
(3) Only D
(4) A and B

26. Albatross plateau is situated in
(1) Indian Ocean
(2) Atlantic Ocean
(3) Pacific Ocean
(4) Antarctica

27. सूची-I को सूची- II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I (महासागरीय धारा) | | सूची-II (महासागर) |
|---|---|---|
| A. लेब्राडोर | i. | दक्षिणी अटलांटिक |
| B. ब्राजील | ii. | उत्तरी प्रशान्त |
| C. क्यूरोशिवो | iii. | दक्षिणी हिन्द |
| D. अगुलहास | iv. | उत्तरी अटलांटिक |

कोड :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iv | ii | iii |
| (2) | iv | i | iii | ii |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | iv | i | ii | iii |

28. निम्न में से प्रशांत महासागर के गर्त हैं –
A. क्यूराइल
B. प्यूर्टो रिको
C. करमाडेक
D. टोंगा
(1) A, B, C, D
(2) A, C, D
(3) B, C, D
(4) A, B, C

29. निम्न में से सिलिकामय ऊज कौन से हैं ?
A. टेरोपॉड
B. डायटम
C. ग्लोबिजेरिना
D. रेडियोलेरियन
(1) B, D
(2) A, D
(3) A, B, C
(4) B, C, D

30. किसी गहरे लैगून द्वारा मुख्य भूमि अथवा अंतर्देशीय तट से अलग-थलग की गई शैलभित्ति (रीफ) निम्नलिखित में से क्या कहलाती है ?
(1) तटीय प्रवाल भित्ति
(2) एटॉल प्रवाल भित्ति
(3) रोधिका प्रवाल भित्ति
(4) पैच प्रवाल भित्ति

27. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| List-I (Ocean Current) | | List-II (Ocean) |
|---|---|---|
| A. Labrador | i. | South Atlantic |
| B. Brazil | ii. | North Pacific |
| C. Kuroshio | iii. | South Indian |
| D. Agulhas | iv. | North Atlantic |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iv | ii | iii |
| (2) | iv | i | iii | ii |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | iv | i | ii | iii |

28. Which among the following are trenches of Pacific ocean ?
A. Qurile
B. Puerto Rico
C. Karmadec
D. Tonga
(1) A, B, C, D
(2) A, C, D
(3) B, C, D
(4) A, B, C

29. Which among the following are Siliceous Ooze ?
A. Pteropod
B. Diatom
C. Globigerina
D. Radiolarian
(1) B, D
(2) A, D
(3) A, B, C
(4) B, C, D

30. A reef separated from the mainland or inland shore by a deep lagoon is known as
(1) Fringing reef
(2) Atoll reef
(3) Barrier reef
(4) Patch reef

31. खाद्य शृंखला में पोषण स्तर IV पर निम्नलिखित में से कौन आता है ?
(1) प्राथमिक उपभोक्ता
(2) द्वितीयक उपभोक्ता
(3) तृतीयक उपभोक्ता
(4) चतुर्थक उपभोक्ता

32. नाइट्रोसोमोनास बैक्टीरिया ________ के परिवर्तन को प्रोत्साहित करता है ।
(1) नाइट्राइट को अमोनिया में
(2) नाइट्राइट को नाइट्रेट में
(3) अमोनिया को नाइट्रेट में
(4) नाइट्रेट को नाइट्राइट में

33. ऊष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों को ________ नाम से भी जाना जाता है ।
(1) मानसून वन
(2) शंकुधारी वन
(3) भूमध्यसागरीय वनस्पति
(4) ऊष्णकटिबंधीय वर्षा वन

34. मानसून वनों को ________ नाम से भी जाना जाता है ।
(1) ऊष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
(2) ऊष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
(3) ऊष्णकटिबंधीय वर्षा वन
(4) शंकुधारी वन

35. निम्नलिखित में से कौन सा प्राथमिक वायु प्रदूषक नहीं है ?
(1) सल्फर डाईऑक्साइड
(2) पारा
(3) कार्बन मोनोक्साइड
(4) सल्फर ट्राईऑक्साइड

36. वैश्विक तापमान वृद्धि से संबंधित क्योटो संधि को वर्ष ________ में अंगीकार किया गया ।
(1) 1992
(2) 1995
(3) 1997
(4) 2001

31. Which one of the following stands at trophic level IV in a food chain ?
(1) Primary consumers
(2) Secondary consumers
(3) Tertiary consumers
(4) Quarternary consumers

32. Nitrosomonas bacteria promotes transformation of _____.
(1) Nitrite into Ammonia
(2) Nitrite into Nitrate
(3) Ammonia into Nitrate
(4) Nitrate into Nitrite

33. Tropical evergreen forests are also called as _____.
(1) Monsoon forests
(2) Coniferous forests
(3) Mediterranean vegetation
(4) Tropical rainforests

34. The monsoon forests are also called as _____.
(1) Tropical Deciduous forests
(2) Tropical evergreen forests
(3) Tropical rainforests
(4) Coniferous forests

35. Which of the followings is NOT a primary air pollutant ?
(1) Sulphur dioxide
(2) Mercury
(3) Carbon monoxide
(4) Sulphur trioxide

36. Kyoto Protocol regarding Global Warming concerns was adopted in the year :
(1) 1992
(2) 1995
(3) 1997
(4) 2001

37. भारत UNFCCC के साथ वर्ष ______ में जुड़ा ।
(1) 1991
(2) 1992
(3) 1995
(4) 1997

38. ओजोन परत के क्षरण के प्रति चिन्ताओं के सबंध में तैयार मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का प्रतिफल है, जो कि ______ में आयोजित हुआ था ।
(1) रिओ डी जेनेरो
(2) मॉन्ट्रियल
(3) कोपेनहेगन
(4) वियना

39. भारत में पहली बार जल अधिनियम वर्ष ______ में लागू हुआ ।
(1) 1972
(2) 1974
(3) 1982
(4) 1988

40. भूमध्यरेखा से ध्रुव की ओर यात्रा करते हुए, वनस्पति प्रकारों का सही क्रम क्या होगा ?
(1) ऊष्णकटिबंधीय वर्षा वन – टुन्ड्रा – सवाना
(2) ऊष्णकटिबंधीय वर्षा वन – मरुस्थली झाड़ियाँ – टुन्ड्रा
(3) मरुस्थली झाड़ियाँ – ऊष्णकटिबंधीय वर्षा वन – टुन्ड्रा
(4) भूमध्यसागरीय झाड़ियाँ – मरुस्थलीय झाड़ियाँ – टुन्ड्रा

41. निम्न में से किस पारिस्थितिकी तंत्र को 'बड़े शिकारों की भूमि' का नाम दिया गया है ?
(1) सेल्वास
(2) सवाना
(3) प्रेयरीज
(4) टैगा

37. India joined the UNFCCC in the year ______.
(1) 1991
(2) 1992
(3) 1995
(4) 1997

38. Montreal Protocol regarding concerns for ozone layer depletion was an outcome of an international convention, held in
(1) Rio de Janeiro
(2) Montreal
(3) Copenhagen
(4) Vienna

39. The Water Act, in India was first enacted in the year ______.
(1) 1972
(2) 1974
(3) 1982
(4) 1988

40. Travelling from the equator towards pole, what would be the correct sequence of vegetation types you would encounter ?
(1) Tropical Rainforest – Tundra – Savanna
(2) Tropical Rainforest – Desert Scrubs – Tundra
(3) Desert Scrubs – Tropical Rainforest – Tundra
(4) Mediterranean Scrubs – Desert Scrubs – Tundra

41. Which of the following ecosystem is known as 'The land of big games' ?
(1) Selvas
(2) Savanna
(3) Prairies
(4) Taiga

42. निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?
(1) प्रेयरीज – कनाडा
(2) पम्पाज – अर्जेन्टीना
(3) डाऊन्स – ऑस्ट्रेलिया
(4) लानोज – न्यूजीलैण्ड

43. किसी दिए गए पारिस्थितिक तंत्र में निवासियों की पोषित हो सकने वाली अधिकतम सम्भाव्य संख्या क्या कहलाती है ?
(1) जीवीय क्षमता
(2) वहन क्षमता
(3) जनन क्षमता
(4) सहन सीमा

44. निम्नलिखित जलवायु कारकों में से, जिसका स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर सबसे कम प्रभाव पड़ता है, वह है –
(1) तापमान परिवर्तन
(2) सूर्यप्रकाश की स्थिति
(3) पवन
(4) जल की उपलब्धता

45. मिलानकोविच चक्र मुख्य रूप से प्रभावित करता है –
(1) जलवायु परिवर्तन को
(2) अपरदन चक्र को
(3) ओजोन क्षरण को
(4) जलीय चक्र को

46. लियोपोल्ड मैट्रिक्स संबंधित है –
(1) नगरीकरण से
(2) वैश्विक ऊष्मन से
(3) चक्रवात के जीवन चक्र से
(4) पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन से

47. स्व-स्थाने संरक्षण के तहत निम्न में से कौन सा शामिल नहीं है ?
(1) राष्ट्रीय उद्यान
(2) वानस्पतिक उद्यान
(3) वन्य-जीव अभयारण्य
(4) बायोस्फीयर रिजर्व

42. Which among the following is NOT correctly matched ?
(1) Prairies – Canada
(2) Pampas – Argentina
(3) Downs – Australia
(4) Llanos – New Zealand

43. The maximum population size of a biological species that can be sustained in that specific environment is known as
(1) Biological potential
(2) Carrying capacity
(3) Fertility
(4) Tolerance

44. Among the following climatic factors, which one has the least effect upon terrestrial ecosystem ?
(1) Temperature variation
(2) Conditions of sunlight
(3) Wind
(4) Availability of water

45. The Milankovitch cycle plays key role in
(1) Climate change
(2) Cycle of erosion
(3) Ozone depletion
(4) Hydrological cycle

46. Leopold Matrix is associated with
(1) Urbanization
(2) Global warming
(3) Life cycle of cyclone
(4) Environmental Impact Assessment

47. Which one of the following is NOT included under in-situ conservation ?
(1) National Park
(2) Botanical Garden
(3) Wildlife Sanctuary
(4) Biosphere Reserve

48. ओजोन क्षरण का मुख्य कारण है –
(1) कार्बन डाई-ऑक्साइड
(2) ऑक्सीजन
(3) क्लोरोफ्लोरो कार्बन्स
(4) हाइड्रोजन

49. एक पारिस्थितिक तंत्र के संबंध में निम्नांकित कथनों में कौन सा सही नहीं है ?
(1) यह एक सुसंरचित कार्यात्मक इकाई है ।
(2) सम्पूर्ण जैवमण्डल एक पारिस्थितिक तंत्र है ।
(3) उसका एक स्थानिक घटक है ।
(4) यह एक संवृत्त तंत्र है ।

50. अम्ल वर्षा में जल के अतिरिक्त जो रासायनिक यौगिक होते हैं, वे हैं –
(1) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल एवं सल्फ्यूरिक अम्ल
(2) नाइट्रिक अम्ल एवं सल्फ्यूरिक अम्ल
(3) नाइट्रिक अम्ल एवं हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(4) नाइट्रिक अम्ल, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल एवं सल्फ्यूरिक अम्ल

51. निम्नलिखित में से कौन सा सांस्कृतिक मानचित्र का उदाहरण नहीं है ?
(1) उच्चावच मानचित्र
(2) राजनैतिक मानचित्र
(3) जनसंख्या मानचित्र
(4) परिवहन मानचित्र

52. भूमि पर एक दूरी 3 फर्लांग, 79 गज, 2 फीट एवं 7 इंच मापी गई है । इसकी समतुल्य प्रतिनिधि भिन्न होगी –
(1) 1 : 37927
(2) 1 : 21120
(3) 1 : 26635
(4) 1 : 63360

48. The main cause for the depletion of ozone is
(1) $CO_2$
(2) Oxygen
(3) CFCs
(4) Hydrogen

49. Which of the following statements regarding an ecosystem is not correct ?
(1) It is a well-structured functional unit.
(2) The entire biosphere is an ecosystem.
(3) It has a spatial component.
(4) It is a closed system.

50. The chemical compounds, other than water, in acid rain are
(1) Hydrochloric acid and Sulphuric acid
(2) Nitric acid and Sulphuric acid
(3) Nitric acid and Hydrochloric acid
(4) Nitric acid, Hydrochloric acid and Sulphuric acid

51. Which of the followings is NOT an example of cultural map ?
(1) Relief map
(2) Political map
(3) Population map
(4) Transportation map

52. If a distance on land is measured as 3 Furlong, 79 Yards, 2 Feet and 7 inches. Its equivalent representative fraction will be
(1) 1 : 37927
(2) 1 : 21120
(3) 1 : 26635
(4) 1 : 63360

53. प्रतिनिधि भिन्न 1 : 253,440 का निम्नलिखित में से कौन सा सही रूपान्तरण नहीं है ?
(1) 1 इंच = 7040 गज
(2) 1 इंच = 32 फर्लांग
(3) 1 इंच = 21120 इंच
(4) 1 इंच = 4 मील

54. असत्य कथन को छाँटिए :
(1) किसी स्थान का अक्षांश उस स्थान की वह कोणीय दूरी है, जो विषुवत वृत्त के उत्तर या दक्षिण, उस स्थान के याम्योत्तर पर पृथ्वी के केन्द्र से मापी जाती है ।
(2) एक ही अक्षांश पर स्थित स्थानों को मिलाने वाली रेखा समांतर कहलाती है ।
(3) विषुवत वृत्त सहित अक्षांश समानान्तर की कुल संख्या 179 है ।
(4) उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्द्धों में से प्रत्येक में अक्षांश समांतरों की संख्या 90 है ।

55. असत्य कथन को छाँटिए :
(1) देशांतरीय याम्योत्तर विषुवत वृत्त को समकोण पर काटते हैं ।
(2) सभी देशांतरीय याम्योत्तरों की लंबाई समान होती है ।
(3) देशांतरीय याम्योत्तर वृत्ताकार होते हैं, जो ध्रुवों पर एक बिंदु पर मिलते हैं ।
(4) 0° देशांतरीय याम्योत्तर को प्रधान याम्योत्तर स्वीकार करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समझौता है ।

56. लेक्सोड्रोम है –
(1) मॉलवीड प्रक्षेप पर खींची गई सीधी रेखा, जो एक स्थिर दिक्मान वाले दो बिंदुओं को जोड़ती है ।
(2) गॉल प्रक्षेप पर खींची गई सीधी रेखा, जो एक स्थिर दिक्मान वाले दो बिंदुओं को जोड़ती है ।
(3) सिनुसॉइडल प्रक्षेप पर खींची गई सीधी रेखा, जो एक स्थिर दिक्मान वाले दो बिंदुओं को जोड़ती है ।
(4) इनमें से कोई नहीं



53. Which of the followings is not a correct conversion into statement scale of an R.F. 1 : 253,440 ?
(1) 1 inch = 7040 yards
(2) 1 inch = 32 furlongs
(3) 1 inch = 21120 inches
(4) 1 inch = 4 mile

54. Find out the statement which is NOT true.
(1) The latitude of a place is its angular distance north or south of the equator, measured along the meridian of that place from the centre of the earth.
(2) Lines joining places with the same latitudes are called parallel.
(3) The total number of parallels of latitudes, including the equator is 179.
(4) The number of parallels of latitudes in each of the northern and the southern hemispheres is 90.

55. Find out the statement which is NOT true.
(1) The meridians of longitude intersect the equator at right angles.
(2) All the meridians of longitude are equal in length.
(3) The meridians of longitude are circles that converge the poles.
(4) There is an international agreement to adopt the 0° meridian of longitude as the Prime Meridian.

56. Lexodrome is
(1) A straight line drawn on Mollweide's projection, joining any two points having a constant bearing.
(2) A straight line drawn on Gall's projection, joining any two points having a constant bearing.
(3) A straight line drawn on Sinusoidal's projection, joining any two points having a constant bearing.
(4) None of these

57. कथन जो यथाकृतिक प्रक्षेप के संबंध में सही है, वह है –

(1) इस प्रक्षेप में मापनी की शुद्धता बनाए रखी जाती है ।

(2) इस प्रक्षेप में सभी बिन्दुओं की दिशाओं को सही–सही दर्शाया जाता है ।

(3) इस प्रक्षेप में विभिन्न क्षेत्रों की आकृति को सही–सही चित्रित किया जाता है क्षेत्र की शुद्धता की उपेक्षा करते हुए ।

(4) इस प्रक्षेप को समदूरस्थ प्रक्षेप भी कहा जाता है ।

58. कथन जो समक्षेत्र बेलनाकार प्रक्षेप के संबंध में सही नहीं है, वह है –

(1) इस प्रक्षेप में क्षेत्र की समानता को बनाए रखने के लिए आकार में विकृति लानी पड़ती है ।

(2) इस प्रक्षेप में मापनी केवल 45° अक्षांशीय समान्तर के पास ही सही होती है ।

(3) इस प्रक्षेप में ध्रुवीय समांतर विषुवत वृत्त के बराबर होती है ।

(4) यह प्रक्षेप यथाकृतिक प्रक्षेप नहीं है ।

59. भारत में तैयार किए जाने वाले स्थलाकृतिक मानचित्रों की शृंखलाओं की संख्या है –

(1) 2
(2) 3
(3) 4
(4) 5

60. आइसोहेल ________ के स्तर को प्रदर्शित करने के लिए प्रयुक्त की जाती हैं ।

(1) समान गहराई
(2) समान वर्षा
(3) समान सूर्यप्रकाश
(4) समान मेघाच्छादन

57. Which statement is correct in context of Orthomorphic projection ?

(1) Scale is correctly maintained in this projection.

(2) Directions of all points are correctly represented in this projection.

(3) Shapes of different areas are portrayed correctly ignoring correctness of area in this projection.

(4) This projection is also known as Equi-distant projection.

58. The statement which is NOT correct in context of the Cylindrical Equal Area Projection is

(1) Equality of area is maintained at the cost of distortion in shape.

(2) Scale is true only along the 45° parallel of latitudes in this projection.

(3) Polar parallel is equal to the equator.

(4) It is a non-orthomorphic projection.

59. The number of series of the topographical maps, prepared in India, is

(1) 2
(2) 3
(3) 4
(4) 5

60. Isohels are used to represent the status of

(1) Equal depths
(2) Equal rainfall
(3) Equal sunshine
(4) Equal cloudiness

61. वर्णमात्री एवं सम-मान रेखा मानचित्रों में आधारभूत अन्तर यह है कि -

(1) सम-मान रेखा मानचित्र प्रशासनिक इकाइयों के आधार पर बनाए जाते हैं, जबकि वर्णमात्री मानचित्र प्राकृतिक इकाइयों के आधार पर ।

(2) वर्णमात्री मानचित्र प्रशासनिक इकाइयों के आधार पर बनाए जाते हैं, जबकि सम-मान रेखा मानचित्र प्राकृतिक इकाइयों के आधार पर ।

(3) वर्णमात्री मानचित्रों में सदैव सांस्कृतिक चरों का प्रदर्शन होता है, जबकि सम-मान रेखा मानचित्रों में केवल प्राकृतिक चरों को ही दर्शाया जाता है ।

(4) वर्णमात्री मानचित्र सदैव विभिन्न रंगों की सहायता से तैयार किए जाते हैं, जबकि सम-मान रेखा मानचित्र केवल श्वेत-श्याम होते हैं ।

62. निम्नलिखित तीन प्रकार के मानचित्रों के लिए सबसे बड़ी मापनी से शुरू करते हुए अवरोही क्रम में मापनी के आधार पर सही अनुक्रम की पहचान कीजिए :

(1) एटलस मानचित्र - स्थलाकृतिक मानचित्र - भूसम्पत्ति मानचित्र

(2) भूसम्पत्ति मानचित्र - स्थलाकृतिक मानचित्र - एटलस मानचित्र

(3) भूसम्पत्ति मानचित्र - एटलस मानचित्र - स्थलाकृतिक मानचित्र

(4) स्थलाकृतिक मानचित्र - एटलस मानचित्र - भूसम्पत्ति मानचित्र

61. A basic difference between Choropleth and an Isopleth maps is

(1) Isoplethe maps are prepared on basis of administrative boundaries whereas Choroplethe maps are prepared on basis of natural boundaries.

(2) Choroplethe maps are prepared on basis of administrative boundaries whereas Isoplethe maps are prepared on basis of natural boundaries

(3) Choroplethe maps are prepared only for cultural variables whereas the Isoplaethe only for natural variables.

(4) Choroplethe maps are prepared with different colours only whereas the Isoplethe are only black and white maps.

62. For the following three types of maps, identify the correct descending order based on the scale starting from the largest map scale :

(1) Atlas map – Topographical map – Cadastral map

(2) Cadastral map – Topographical map – Atlas map

(3) Cadastral map – Atlas map – Topographical map

(4) Topographical map – Atlas map – Cadastral map

63. निम्न कथनों पर विचार कीजिए :
एक क्लाइमोग्राफ मासिक आँकड़ों की सहायता से बनाया जाता है
A. वर्षा के
B. सापेक्षिक आर्द्रता के
C. आर्द्र-बल्ब तापमान के
इन कथनों में से :
(1) A, B एवं C सही हैं ।
(2) A एवं B सही हैं ।
(3) B एवं C सही हैं ।
(4) A एवं C सही हैं ।

64. निम्न में से किस मानचित्र प्रक्षेप पर ध्रुव को नहीं दिखाया जा सकता ?
(1) समक्षेत्र बेलनाकार प्रक्षेप
(2) मर्केटर प्रक्षेप
(3) मॉलवीड प्रक्षेप
(4) सिनुसॉयडल प्रक्षेप

65. स्टेन-डी-गीर विधि का प्रयोग किया जाता है –
(1) नगरीय जनसंख्या को वृत्तों एवं ग्रामीण जनसंख्या को बिन्दुओं द्वारा दर्शाने हेतु ।
(2) नगरीय एवं ग्रामीण जनसंख्या को बहुबिन्दुओं द्वारा दर्शाने हेतु ।
(3) नगरीय एवं ग्रामीण जनसंख्या को समान बिन्दुओं द्वारा दर्शाने हेतु ।
(4) नगरीय जनसंख्या को गोलों तथा ग्रामीण जनसंख्या को बिन्दुओं द्वारा दर्शाने हेतु ।

66. सुदूर संवेदन तकनीकी में प्रयुक्त वह उपकरण, जो विद्युत-चुंबकीय विकिरण ऊर्जा को एकत्रित कर उन्हें संकेतकों में बदलकर उपयुक्त आकारों में प्रस्तुत करते हैं, तथा जिनसे कि अन्वेषण लक्ष्यों के विषय में सूचना प्राप्त करते हैं, कहलाता है
(1) उपग्रह
(2) परावर्तक
(3) राडार
(4) संवेदक

63. Consider the following statements :
A climograph is drawn with the help of the monthly data of
A. Rainfall
B. Relative Humidity
C. Wet bulb Temperature
Of these statements :
(1) A, B and C are correct.
(2) A and B are correct.
(3) B and C are correct.
(4) A and C are correct.

64. Pole cannot be shown on which of the following projections ?
(1) Cylindrical equal area projection
(2) Mercator's projection
(3) Mollweide's projection
(4) Sinusoidal projection

65. Sten de Geer's method is used
(1) To show the urban population by circles and rural population by dots.
(2) To show the urban and rural population by multiple dots.
(3) To show the urban and rural population by same dots.
(4) To show urban population by spheres and rural population by dots.

66. A device, used in Remote sensing Technique, that gathers electromagnetic radiations, converts it into a signal and presents it in a form utilizable for obtaining information about the objects under investigation, is known as
(1) Satellite
(2) Reflector
(3) Radar
(4) Sensor

67. संकेताक्षर GIS किसके लिए प्रयुक्त होता है ?
(1) जियोग्राफिकल इमेजिंग सिस्टम
(2) जियोग्राफिकल इन्टरनेशनल सिस्टम
(3) ग्लोबल इन्फॉर्मेशन सिस्टम
(4) इनमें से कोई नहीं

68. निम्नलिखित में से GIS के महत्त्वपूर्ण घटकों में सम्मिलित नहीं है –
(1) प्रक्रिया
(2) आँकड़े
(3) जनसंख्या
(4) सॉफ्टवेयर

69. संक्षेप्ताक्षर के लिए दिए गए निम्नलिखित में से कौन सा कूट दृश्यभूमि प्रतिदर्श (लैडस्कैप मॉडल) को सही–सही निरूपित करता है ?
A. DEM
B. DRG
C. DLG
D. DTM
कूट :
(1) A एवं B (2) B एवं C
(3) A एवं D (4) C एवं D

70. निम्न में से जी.आई.एस. की प्रक्रिया है –
(1) इमेज प्रदर्शन
(2) विषमता स्ट्रेचिंग
(3) मेप ऑवरलेइंग
(4) मानचित्र रचना

